हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

13 साल 2026 में होंगे 13 महीने 17 मई से लगेगा पुरुषोत्तम मास
14 नवाडीह में ठाकुर सोरी परिवार ने की बूढ़ादेव की...












## 103 कट्टा अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच, गरियाबंद पुलिस ने सीमावर्ती राज्यों से आने वाले अवैध धान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले 51 दिनों (1 माह 21 दिवस) से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अब तक 71 लाख 47 हजार 050 रुपये मूल्य का कुल 2305.5 क्विंटल अवैध धान जप्त करने में सफलता हासिल की है। 30 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर थाना देवभोग ने ओडिशा सीमा से सटे इलाकों में नाकेबंदी की। इस दौरान पुलिस ने दो पिकअप वाहनों को रोककर तलाशी ली। बोलेरो पिकअप इसमें 100 कट्टा धान लदा था। बोलेरो पिकअप इसमें 43 कट्टा धान पाया गया। कुल 103 कट्टा (41.2 क्विंटल) धान, जिसकी कीमत 1.27 लाख रुपये से अधिक है, जप्त कर संबंधित विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है। वाहन चालक धान के परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार, केवल पंजीकृत किसान ही सरकारी केंद्रों पर धान बेच सकते हैं। दीगर राज्यों (जैसे ओडिशा) से सस्ता धान लाकर यहां खपाने वाले कोचियों और बिचौलियों पर लगाम कसने के लिए बॉर्डर चेक पोस्ट पर पुलिस की सतत निगरानी जारी है। गरियाबंद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान के परिवहन और बिक्री के विरुद्ध यह विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर वाहन जप्ती के साथ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

हादसा : कोहरे और तेज रफ्तार ने ली जान

# पेड़ से टकराकर ट्रक पलटा चालक की मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर-गरियाबंद नेशनल हाईवे 130सी पर एक बार फिर रफ्तार और कोहरे का कहर देखने को मिला है। बीती रात हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया, जिससे ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीजे 0927 रायपुर से किराना सामग्री और खाद्य तेल भरकर देवभोग की ओर जा रहा था। रात के समय नेशनल हाईवे पर घना कोहरा होने के कारण चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। ट्रक सीधे सड़क किनारे एक बड़े पेड़ से जा टकराया और पलट गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक में लदा किराना सामान और तेल के डिब्बे चारों तरफ बिखर गए। आज दिनभर बिखरे हुए राशन को समेटने और दूसरे वाहनों में लोड करने का काम चलता रहा। इधर, पुलिस और प्रशासन की मदद से मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

मैनपुर क्षेत्र में ही एक अन्य सड़क हादसा धुरवागुड़ी तालाब के पास घटित हुआ। जानकारी के मुताबिक, ग्रामीण मधुसूदन अपनी साइकिल पर लकड़ी लादकर घर लौट रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे के किनारे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी। इस टक्कर में मधुसूदन के पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल ग्रामीण को तत्काल उपचार के लिए देवभोग ले जाया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।



## 40 किलो अवैध गांजा के साथ 4 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

रेंज स्तरीय ऑपरेशन निश्चय के तहत गरियाबंद पुलिस को मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पाण्डुका थाना पुलिस ने 40 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ 4 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार करते हुए करीब 23 लाख 20 हजार रुपये की अवैध संपत्ति जप्त की है। यह कार्यवाही पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत की गई, जिसके तहत अवैध गांजा, हीरा एवं वन्य जीव तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। मुखबिर सूचना पर एनएच-130 में नाकाबंदी दिनांक 29 दिसंबर को पाण्डुका थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सिल्वर रंग की चार पहिया वाहन हुंडई औरा में गांजा भरकर गरियाबंद से राजिम की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर एनएच-130 पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की गई।

इसी दौरान हुंडई औरा कार क्रमांक यूपी 64 एएम 4953 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन की डिक्की में दो सफेद प्लास्टिक बोरियों में ब्राउन टेप से लिपटे 39 पैकेट गांजा बरामद किए गए। मौके पर वजन कराने पर कुल 40 किलो ग्राम गांजा पाया गया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये, घटना ▶▶| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

**फिंगेश्वर।** एसआईआर विशेष गहन पुर्न निरीक्षण निर्वाचन नामावली 2025 2026 भारतीय जनता पार्टी गरियाबंद जिला अंतर्गत फिंगेश्वर मंडल में बैठक आहूत किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला बीएलए 1 गरियाबंद जिला संयोजक मुरलीधर सिन्हा ने शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक और सह संयोजक विशेष बैठक एसआईआर विशेष गहन पुर्ननिरीक्षण के बारे में बहुत ही बेहतर ढंग से सभी को समझाया। विशेष रूप से सभी कार्यकर्ताओं को इस कार्य में अपना योगदान के लिए आग्रह किया। मतदाता नामावली का निरीक्षण के लिए शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सहसंयोजक को विशेष अपने अपने बूथों मे जाकर कार्यकर्ता के साथ एक साथ बैठकर अपने बूथ में निरीक्षण के लिए निर्देश दिया गया। इस बैठक में विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, महामंत्री भुवन साहू, प्रेमलाल टोडर, भाजपा कार्यकर्ता दशरथ सिन्हा, अरुण सिन्हा, सुकदेव साहू, भागवत सिन्हा, मोतीराम निषाद, ओम प्रकाश साहू, जगदेव सिन्हा, जागेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, संतराम साहू, राकेश सिन्हा, गोपेश साहू, देवलाल साहू, अश्वनी विश्कर्मा, सुकदेव साहू, मिथलेश साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### सात लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सोनासिल्ली के डिपरापारा से पिथौरा पुलिस ने अवैध बिक्री के लिए रखे गए शराब को बरामद कर एक आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सोनासिल्ली डिपरापारा में चुम्मन उर्फ छोटू मिरी सोनासिल्ली डिपरापारा में देशी शराब बिक्री हेतु रखा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की जिस पर उसने अपा नाम चुम्मन उर्फ छोटू मिरी पिता दुकालू मिरी (21 साल) स्कूल पारा सोनासिल्ली होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल सात लीटर महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद कया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम अंसुला के चारभांठा रोड बिजली खंभा के पास से सांकरा पुलिस ने 10 लीटर महुआ शराब बरामद कर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने 29 दिसंबर को मौके पर पहुंचकर दयाराम पटेल पिता गोपी राम पटेल (42 साल) अंसुला के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

### 15वें वित्त की राशि न मिलने पर जनप्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

**महासमुंद।** जिले में विकास कार्यो के ठप होने से नाराज जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को जिला पंचायत कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा, कांग्रेस और आप सहित सभी दलों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपा और 15वें वित्त की राशि जल्द जारी करने की मांग की।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि निर्वाचन वर्ष 2024-25 के बाद से अब तक जनपदों और ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की राशि आवंटित नहीं की गई है। इसके अलावा, जनपद और जिला पंचायत सदस्यों को मिलने वाली विकास निधि भी रुकी हुई है। राशि के अभाव में गांवों में साफ-सफाई, बिजली, पेयजल और गौठानों में चारे की व्यवस्था जैसे बुनियादी कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

---

**विडंबना : देखरेख के अभाव में भवनों के कांच टूट रहे हैं और दरवाजे हुए क्षतिग्रस्त**

# सफेद हाथी साबित हो रही करोड़ों की रीपा योजना मशीनों में लग रहा जंग, भवनों पर लटका ताला





हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और महिलाओं व युवाओं को उनके गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) योजना आज गरियाबंद जिले में दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये की लागत से बने विशाल भवन और लाखों की आधुनिक मशीनें अब कबाड़ में तब्दील हो रही हैं। सत्ता परिवर्तन के साथ ही इस महत्वाकांक्षी योजना पर ऐसा ग्रहण लगा कि भाठीगढ़ सहित कई केंद्रों में अब केवल ताले लटक रहे हैं। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 3 किमी दूर ग्राम भाठीगढ़ में लगभग 20 एकड़ जमीन पर एक करोड़ रुपये की लागत से तीन विशाल भवनों का निर्माण किया गया था। जिला खनिज संस्थान न्यास और मनरेगा



की राशि से निर्मित इस परिसर में बिजली के लिए अलग से ट्रांसफार्मर और चारों ओर तार फेंसिंग की गई थी। आज आलम यह है कि देखरेख के अभाव में भवनों के कांच टूट रहे हैं और दरवाजे क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

**मशीनें बनीं कबाड़, रोजगार का सपना टूटा-** इस इंडस्ट्रियल पार्क में मक्का प्रोसेसिंग, अचार, पापड़, अगरबत्ती, और शहद उत्पादन के साथ-साथ गोबर से पेंट बनाने की यूनिट भी स्थापित की गई थी। लगभग एक करोड़ रुपये की मशीनें इंस्टॉल की गई थीं। शुरुआत में कुछ महिला समूहों ने यहां काम कर आर्थिक लाभ भी कमाया, लेकिन सरकार बदलते ही फंड रुक गया और गतिविधियां ठप पड़ गईं। अब ये कीमती मशीनें धूल फांक रही हैं और उनमें जंग लग रहा है। सिर्फ मैनपुर ही नहीं, बल्कि देवभोग ब्लॉक के कदलीमुड़ा और अमलीपदर स्थित रीपा सेंटर्स का भी यही हाल है। इन केंद्रों को आजीविका केंद्र के रूप में विकसित कर प्लास्टिक रीसायकल, टायर री-ट्रेडिंग और ऑटोमोबाइल जैसी सूक्ष्म इंडस्ट्रीज चलाने का खाका तैयार किया गया था, जिसका कुल बजट लगभग 2 करोड़ रुपये था।

**कलेक्टर के निरीक्षण से जागी थी उम्मीद-** पिछले दिनों गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने भाठीगढ़ रीपा सेंटर का निरीक्षण किया था। इस दौरे से स्थानीय बेरोजगार युवाओं और महिला समूहों में यह उम्मीद जगी थी कि वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार इस योजना को पुनः प्रारंभ करेगी। हालांकि, निरीक्षण के कई दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्ययोजना धरातल पर दिखाई नहीं दे रही है।

---

# परतेवा में मड़ाई महोत्सव की धूम, आस्था और लोकसंस्कृति के संगम में उमड़े ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम परतेवा में पारंपरिक आस्था एवं लोकसंस्कृति से जुड़ा मड़ाई महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन में दिनभर श्रद्धालुओं व ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू ने की, जबकि सरपंच सतकोंन साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि चंद्रशेखर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि मड़ाई जैसे पारंपरिक पर्व हमारी लोकसंस्कृति और आस्था के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने के साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखते हैं। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। अध्यक्षीय उदबोधन में नेहरू साहू ने कहा कि मड़ाई महोत्सव ग्रामीण जीवन की आत्मा है, जो सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। इस अवसर पर सरपंच सतकोंन साहू ने कहा कि ग्राम स्तर पर ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को सुदृढ़ करते हैं और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं। महोत्सव के अंतर्गत रात्रि में प्रसिद्ध कका-भतीजा नाचा पार्टी, सराथपाली द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। पारंपरिक नाचा की प्रस्तुति ने समूचे वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। मड़ाई महोत्सव के दौरान पारंपरिक पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं मेल-मिलाप के साथ उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम विकास अध्यक्ष कार्तिक राम साहू, उप सरपंच भिनेन्द्र साहू, झब्बू साहू, चेतन साहू, रामकुमार वर्मा, पीलूराम वर्मा, घनश्याम वर्मा, रतन साहू, महेश साहू, थनवार भ्रातद्वाज, प्रेम साहू, रूपदास वैष्णव, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, युवा एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---



## भेण्डरी में असामाजिक तत्वों ने 20 एकड़ पैरावट लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-भेण्डरी

भेण्डरी के दो किसानो के खलिहान में रखे गए 20 एकड़ के पैरावट अज्ञात तत्वो ने आग लगा दी। बताया गया है कि उपसरपंच राधे पटेल एवं रोहित पटेल पूर्व अध्यक्ष ग्राम विकास समिति एवं भीम साहू का यह पैरावट था। हमारे प्रतिनिधि यादराम साहू ने बताया कि भेण्डरी ईलाका में धान चोर सक्रिय हैं। अजय यादव के 10 कट्टा पतला धान तथा होरीलाल साहू के 8 कट्टा धान चोरी कर ले जाया गया जिसकी रिपोर्ट करेली बड़ी चौकी में किया गया है। करेली पुलिस निक्रिरय है न तो वे रात में गश्त करते है और न ही गुंडे बदमाशों पर उनके खौफ है। चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। असामाजिक तत्वो के हौसले बुलंद है। चुन-चुनकर चिन्हित गुंडे बदमाशों के ऊपर नकेल कसने की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने की है।

---

# राजिम कुंभ कल्प 2026 भव्यता और परंपरा का दिखेगा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

■ सर्किट हाउस में मंत्री अग्रवाल ने तैयारियों की समीक्षा की

धर्मनगरी राजिम में आयोजित होने वाले 'राजिम कुंभ कल्प 2026' को भव्य और दिव्य रूप देने के लिए शासन-प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को राजिम सर्किट हाउस में पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कुंभ के सफल आयोजन के लिए बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षा और सौंदर्यीकरण का विस्तृत खाका तैयार किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप इस बार का कुंभ मेला भव्यता के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि, आने वाले संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं के लिए यह आयोजन स्मरणीय होना चाहिए। अधिकारी अपनी पूरी निष्ठा के साथ इस भव्यता को मूर्त रूप दें। उन्होंने धार्मिक रीति-रिवाजों और परंपराओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ने



बैठक में स्थानीय व्यापारियों का पक्ष रखते हुए दुकान आबंटन राशि में बढ़ोतरी न करने और उसे पूर्ववत रखने की मांग की। साथ ही, उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधाओं, मुख्य मंच निर्माण, मीना बाजार और पार्किंग व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

**प्रशासनिक निर्देश, टेंडर प्रक्रिया और निर्माण में लाएं तेजी-** रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे और गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके ने तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निम्नलिखित कड़े निर्देश दिए।गंगा आरती स्थल से नवीन मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड का निर्माण शीघ्र पूर्ण करें। पेयजल पाइपलाइन, हाईमास्क लाइट, शौचालय और बस स्टैंड से मेला स्थल तक निर्धारित शुल्क पर विशेष बस सेवा शुरू की जाएगी। साधुओं के लिए घास की कुटिया निर्माण, वन विभाग द्वारा बांस-बल्ली की व्यवस्था और पर्याप्त संख्या में 'दाल-भात केंद्र' व फूड जोन बनाए जाएंगे। पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, पुलिस कंट्रोल रूम, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों का रंग-रोगन कर पूरे शहर को लाइटिंग से सजाया जाएगा।

**तीन जिलों का समन्वय-** बैठक में गरियाबंद, रायपुर और धमतरी जिले के कलेक्टरों सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। संभाग आयुक्त ने तीनों जिलों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा ताकि श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई बाधा न आए। इस उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय सचिव अविनाश चंपावत, भंडार गृह निगम अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, डीएफओ शशिगानंदन के., जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, एएसपी जितेंद्र चंद्राकर, एसडीएम विशाल महाराणा सहित लोक निर्माण, जल संसाधन और पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता मौजूद रहे।

---

# माता कर्राबाघिन धाम में मड़ई की धूम, विधायक साहू ने मेले में चखा पारंपरिक मिठाइयों का स्वाद





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

आस्था और श्रद्धा के केंद्र माता कर्राबाघिन धाम में मंगलवार को वार्षिक मड़ई मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के हजारों ग्रामीणों ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू शामिल हुए, जिन्होंने क्षेत्र की जनता को बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मेले के दौरान एक खास नजारा तब देखने को मिला जब विधायक रोहित साहू प्रोटोकॉल छोड़कर आम आदमी की तरह मेला बाजार में घूमे। उन्होंने मिठाई की दुकान पर रुककर रखिया मिठाई और गरमा-गरम जलेबी की खरीदारी की और उसका स्वाद चखा। विधायक ने भावुक होकर कहा, इस पारंपरिक मेले ने मेरे बचपन की यादों को ताजा कर दिया है। मड़ई न केवल परंपरा है, बल्कि हमारी लोककला और संस्कृति की अनमोल झलक है।

**विकास कार्यों की घोषणा: सड़क और सौंदर्यीकरण को मंजूरी-** सभा को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने माता कर्राबाघिन धाम के लिए बड़ी घोषणाएं की। देव स्थल तक पहुंचने के लिए अच्छी और चौड़ी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर टीन शेड का निर्माण और पूरे क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। रंगमंच की स्वीकृति मिल चुकी है, जिसका निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ होगा। विधायक ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों में राजिम विधानसभा क्षेत्र के लिए 800 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि रायपुर से आने वालों को यहाँ के विकास से कभी सरोकार नहीं रहा।

**किसानों की मांग और क्षेत्रीय विकास-** कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने ग्रीष्मकालीन धान (रबी) के लिए नहर से पानी छोड़ने की मांग रखी। वहीं, अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने सबसे पुराने मार्ग 'द्ववारतरा' को आम लोगों की सुविधा के लिए बनवाने की मांग विधायक के समक्ष रखी। मड़ई उत्सव में सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, समिति अध्यक्ष किशुन सेन, सचिव केसरी लाल सेन, जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू, जनपद सदस्य प्रेमीन मिथलेश ध्रुव, सरपंच नेतराम सिन्हा, पूर्व सरपंच रामजी साहू सहित छबि राम यादव, राजू साहू, और बड़ी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

# अमलीपदर में गायत्री महायज्ञ का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 30 दिसंबर को विधि-विधान और पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे ऋषि पुत्रों के सानिध्य में संपन्न इस आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। 27 दिसंबर से शुरू हुए इस महायज्ञ के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। उत्सव के दौरान विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। ध्यान, साधना, प्रज्ञायोग और कार्यकर्ता गोष्ठी संपन्न हुई। पुराण कथा और 1008 वेदीय दीप महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों दीपों की रोशनी से परिसर जगमगा उठा। चतुर्थ दिन (आज) 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई और शांतिकुंज से आई टोली को भावभीनी विदाई दी गई।

यह आयोजन वेदमाता गायत्री और युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य व माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इस दौरान 4 दिनों तक निरंतर मां भगवती



भंडारा (महाप्रसाद) का वितरण चलता रहा, जिसमें क्षेत्रवासियों ने तन-मन-धन से सहयोग किया। शांतिकुंज टोली प्रमुख डॉ. अशोक धोके के मार्गदर्शन में यह यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में निम्नलिखित का प्रमुख योगदान रहा। अध्यक्ष निर्भय ठाकुर, संरक्षक सेवन पुजारी, श्रवण सतपति, और विनय पांडे।

सरपंच हेमो बाई नागेश, गौतम जैन, हर्ष जैन, और चंद्रशेखर राजपूत। मुख्य ट्रस्टी केनू राम, समन्वयक देवशरण साहू, व्यवस्थापक उमाशंकर हंसराज और दिलीप कुमार सिन्हा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला साधक, वरिष्ठ नागरिक और मैनपुर-देवभोग क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रदीप कुमार साहू और भूपेंद्र साहू ने किया।

---

## हड़ताल से दूरी बनाने वाले कर्मचारियों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अधिकारी-कर्मचारियों के हड़ताल के दूसरे दिन फेडरेशन द्वारा कर्मचारियों पर सख्त रुख अपनाया जा रहा है। आंदोलन का हिस्सा बनने की बजाय सरकारी कार्यों और बैठकों में शामिल होने वाले कर्मचारियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने स्पष्ट किया है कि सामूहिक हितों की लड़ाई में बाधा डालने वाले सहयोगियों को बख्शा नहीं जाएगा। आंदोलन के दौरान जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समय-सीमा की बैठक में शामिल होने वाले कर्मचारियों और धरना प्रदर्शन से दूरी बनाने वाले सदस्यों के प्रति फेडरेशन ने भारी नाराजगी व्यक्त की है। संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि फेडरेशन की कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया है। संघ का मानना है कि जब प्रदेशव्यापी आह्वान पर सभी कर्मचारी अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं, ऐसे में कुछ कर्मचारियों का प्रशासनिक बैठकों में हिस्सा लेना संगठन की एकजुटता को कमजोर करता है।

---

पेज 11 का शेष...

### 40 किलो अवैध...

में प्रयुक्त कार की कीमत 3 लाख रुपये तथा 4 मोबाइल फोन की कीमत 20 हजार रुपये आंकी गई। इस प्रकार कुल 23 लाख 20 हजार रुपये की संपत्ति जप्त कर पुलिस ने कब्जे में ली।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज-** आरोपियों के खिलाफ थाना पाण्डुका में धारा 20(बी)(ii)(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। मामले में अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश जारी है। शुभम सिंह, उम्र 22 वर्ष, निवासी ढेंकी, पोस्ट खुटार, थाना वैढन, जिला सिंगरौली (म.प्र.)। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में बलात्कार एवं मारपीट के मामले दर्ज। शिवमूरत सिंह, उम्र 23 वर्ष, निवासी करकोसा, पोस्ट पचौर, थाना पचौर, जिला सिंगरौली (म.प्र.)। धर्मेन्द्र कुमार पनिका, उम्र 35 वर्ष, निवासी भौडार, पोस्ट पीपरा, थाना परीगवां, जिला सिंगरौली (म.प्र.), मुकेश सिंह, उम्र 30 वर्ष, निवासी भौडार, पोस्ट पीपरा, थाना बरीगवां, जिला सिंगरौली (म.प्र.) इस पूरी कार्यवाही में पाण्डुका थाना पुलिस एवं साइबर टीम की विशेष भूमिका रही। गरियाबंद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी लगातार जारी।

## खबर संक्षेप



### शिव महापुराण कथा में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के भूत पूर्व अध्यक्ष मीना सुनील शर्मा के यहां शिव महापुराण कथा समापन में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। शिव महापुराण कथा का समापन पर शोभायात्रा में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धा भक्ति के साथ भाग लिया। यात्रा कथा स्थल से रवाना होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। कथा वाचक कमलेश महाराज ने कथा का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में सत्संग बहुत जरूरी है, जो परमात्मा को नहीं जानता, वह ज्ञान रूपी अंधकार में भटकता है। जो इस अंधकार को दूर कर दे, वही सच्चा गुरु है।



### एनएचएम कर्मचारी बहाल 10 में से 7 मांगें स्वीकार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सरकार ने आंदोलनरत एनएचएम कर्मियों के खिलाफ कड़ा फैसला लेते हुए 25 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया था। लेकिन, अब सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ गया है, और तमाम कार्रवाईयों को शून्य करते हुए सभी कर्मचारियों की बहाली का आदेश जारी कर दिया गया है। बता दें कि 33 दिन की हड़ताल में सरकार ने 10 में से 7 मांगों को मानने और अन्य 3 पर भविष्य में अच्छा फैसला करने का आश्वासन दिया था, जिनमें से 3 मांगों को लेकर आदेश जारी हो चुका है। इसमें एक माह का सवैतनिक दुर्घटना/गंभीर बीमारी के लिए अवकाश का प्रावधान, 01 जुलाई 2023 से लंबित 5 प्रतिशत वेतन वृद्धि और व्यवस्था में पारदर्शिता का आदेश जारी हो चुका है। वहीं 2 अन्य मांग जिसमें स्थानांतरण नीति बनाने और 10 लाख का कैशलेस इलाज के लिए समिति गठित कर दी गई, जिसका भी आदेश जल्दी आने की उम्मीद है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ महासमुंद जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने दी है।

### खट्टी में राज्य स्तरीय डीजे डांस स्पर्धा 3 को

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 03 जनवरी को शाम 7 बजे से किया गया है। उक्ताशय की जानकारी हेमराज साहू एवं कमलेश ध्रुवंशी ने दी है।

### डयूक पाइप विक्रय में प्रथम स्थान



**रायपुर।** विजय पटेल (मुरली मोटर्स झलप) ने पिछले 3 वर्षों से शानदार मेहनत करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में डयूक पाइप विक्रय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

**पर्यटन :** आज नव वर्ष को लेकर क्षेत्र के पर्यटन स्थलों में भारी चहल-पहल रहेगी

# प्राकृतिक नजारों के बीच नववर्ष का जश्न सिकासार-उदंती में उमड़ी पर्यटकों की भीड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वर्ष 2025 की विदाई और 2026 के स्वागत के लिए गरियाबंद जिले का मैनपुर विकासखंड पूरी तरह तैयार है। यहां के मनोरम दृश्यों, खूबसूरत पहाड़ियों, झरनों और शांत वातावरण का आनंद लेने के लिए प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर से पर्यटक पहुंचने लगे हैं। सिकासार जलाशय से लेकर उदंती के घने जंगलों तक, हर तरफ मेले जैसा माहौल नजर आ रहा है। जिले के सबसे पुराने और प्रमुख पर्यटन स्थल सिकासार जलाशय में पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है। धवलपुर से सिकासार तक के 16 किलोमीटर के रास्ते पर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वहीं, सोंदूर और चौकसील जैसे स्थानों पर भी सुबह से ही लोग पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। ओड़िशा सीमा से सटे गोडेना जलप्रपात में भी पड़ोसी राज्य के पर्यटकों की खासी मौजूदगी है, जिनकी इस क्षेत्र के देव स्थलों के प्रति गहरी आस्था है। वन्यजीव प्रेमियों के लिए उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को बार-बार आने पर मजबूर कर रही है। यदि आप एडवेंचर के शौकीन हैं, तो कुल्हाड़ीघाट नदी में वन विभाग द्वारा कायकिंग (नाव) की व्यवस्था की गई है। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक पर्यटक परिवार के साथ इसका आनंद ले सकते हैं।

#### रात 12 बजे आतिशबाजी और जश्न

न्यू ईयर के मौके पर सिकासार और मेचका के विश्राम गृहों के पास अलाव जलाकर लोग ठंड का आनंद ले रहे हैं। रात 12 बजते ही आतिशबाजी और संगीत के साथ नए साल का जोरदार स्वागत किया जाएगा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा ने बताया कि सादे कपड़ों में पुलिस बल की तैनाती की गई है। शराब पीकर हुल्लड़ करने वालों, ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों और स्टंट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

#### सुरक्षा के प्रति रहें सावधान वन विभाग की अपील

टाइगर रिजर्व का क्षेत्र घना है और यहां हाथी, तेंदुए जैसे हिंसक वन्यजीवों का विचरण रहता है। इसलिए वन विभाग ने पर्यटकों से अपील की है कि वे जंगल के अंदर जाने से पहले विभाग को सूचना अवश्य दें, ताकि उन्हें गाइड उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही सिकासार जलाशय के डेंजर जोन को लेकर भी सतर्क रहने को कहा गया है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

## साल 2026 में होंगे 13 महीने 17 मई से लगेगा पुरुषोत्तम मास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

जब चांद सूरज की चाल अपनी लय बदलती है और पंचांग अचानक एक अतिरिक्त महीना जोड़ देता है, तब साल सिर्फ आगे नहीं बढ़ता तो इसके मायने भी बदल जाते हैं। साल 2026 भी ऐसा ही दुर्लभ पड़ाव लेकर आ रहा है, महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि हिंदू नया वर्ष 12 महीना नहीं बल्कि पूरे 13 महीनों का होगा। यह अतिरिक्त महीना है मलमास कहा जाता है, जिसे लोग अधिक मास या पुरोषोतम मास कहते हैं। लोक मान्यता है कि यह महीना भगवान विष्णु की खास कृपा बरसाने वाले समय होता है और इसी कारण इसे आध्यात्मिक रूप से सबसे पावन काल माना जाता है। क्यो लगता है मलमास :- सूर्य चन्द्र कैलेंडर के बीच का फर्क ही इस अद्भुत महीने को जन्म देता है। सौर वर्ष 365 दिन का होता है। यह अंतर हर 32 महीने और 16 दिनों में इतना बढ़ जाता है कि पंचांग को संतुलित करने के लिए एक अतिरिक्त महीना जोडना पड़ता है इसी अतिरिक्त महीने को अधिक मास, मलमास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। इसका उद्देश्य सिर्फ कैलेंडर को ठीक करना नहीं, बल्कि ब्रह्मांडीय संतुलन को स्थिर करना भी माना गया है। मिश्रा ने बताया पंचांग के अनुसार अधिक मास 17 मई 2026 से शुरू होकर 15 जून 2026 को समाप्त होगा। इस पूरे महीने को वरदान माना जाता है,यह तप,जप, ध्यान, भक्ति और दान महापवित्र समय है। हिंदू पंचांग में एक ऐसा समय माना जाता है जब सांसारिक और मांगलिक कार्यों को विराम देकर आध्यात्मिक साधना को प्राथमिकता दी जाती है। यह महीना हर तीन साल में एक बार आता है और इसका उद्देश्य पंचांग की गणितीय समायोजन को संतुलित करना होता है, पर धार्मिक रूप से इसे अत्यंत पवित्र माना गया है। महाराज ने यहा भी बताया कि कथाओं में वर्णन मिलता है कि जब एक अतिरिक्त महीना उत्पन्न हुआ तो कोई भी देवता उसे अपनाने को तैयार नहीं था। तब भगवान विष्णु ने उसे अपने संरक्षण में लिया और उसे पुरूषोत्तम मास के रूप में प्रतिष्ठित किया। यही कारण है कि यह समय देवों में भी सर्वोच्च माना जाता है। मान्यता है कि इस अवधि में की गई साधना जीवन में सौभाग्य, शांति और आध्यात्मिक उत्थान लेकर आती है।

## रसेला में आज भी जीवित है पारंपरिक खेती बैल-दौरी व सूपा पर मशीनों से ज्यादा भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



अंचल के ग्रामीण आधुनिक तकनीक के बावजूद अपने पुरखों की पारंपरिक खेती किसानी तकनीकों को प्राथमिकता दें रहे हैं, धान की मिसाई आज भी कई किसान बैल और दौरी की मदद से की जाती है, जबकि धान की सफाई सदियों पुरानी सूपा विधि से होती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि सूपा से धान साफ करने पर अनाज पूरी तरह शुद्ध और उच्च गुणवत्ता वाला रहता है। यह पारंपरिक तकनीक पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है और ग्रामीण जयलाल यादव, केशुराम ध्रुव, होरीराम साहू, सुकालु राम साहू, तेजराम साहू, कुबेर भुजिया, राकेश कोमर्रा कहना है कि यह आधुनिक मशीनों से बेहतर परिणाम देती है। उठाकर साफ करने पर दाने पूरी तरह से शुद्ध हो जाते हैं और उनकी गुणवत्ता बनी रहती है, यह पारंपरिक तकनीक पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है, जिसमें अनुभव और मेहनत दोनों की अहम भूमिका होती है। ग्रामीणों का कहना है कि आधुनिक मशीनों की तुलना में इस विधि से धान की सफाई बेहतर होती है और अनाज की असली पहचान बनी रहती है। क्षेत्र सहित जिला में भले ही आधुनिक तकनीक खेती - किसानी में तेजी से अपना पैर पसार चुकी हो और नए -नए प्रयोग किए जा रहे हो, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण आज भी अपने पुरखों की पारंपरिक तकनीकों को न सिर्फ अपनाएं हुए हैं, गांवों में आज भी पुरखों की विरासत को जीवित रखा जा रहा है। आज के परिवेश में थ्रेसर व हार्वेस्टर से सीधे मिसाई कर उपार्जन केन्द्र ले जा रहे हैं।

## विस स्तरीय अटल सम्मेलन में गूंजा सुशासन का संकल्प, दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर/गरियाबंद



भारत रत्न और छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम बेंदकुरा में भव्य विधानसभा स्तरीय अटल सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता, पदाधिकारी और ग्रामीण शामिल हुए, जिससे पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी ने अटल जी को याद करते हुए कहा की अटल जी का जीवन मर्यादाओं और आदर्शों की खुली किताब था। उन्होंने सिखाया कि राजनीति सत्ता का नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) एवं विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ जो प्रगति कर रहा है, उसकी नींव अटल जी ने ही रखी थी। उनके सुशासन और समावेशी विकास के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। वहीं, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने परमाणु परीक्षण और सड़क विकास (स्वर्ण चतुर्भुज) जैसी ऐतिहासिक परियोजनाओं का जिक्र करते हुए युवाओं को अटल जी की कविताओं से प्रेरणा लेने की सीख दी।

**संगठन की मजबूती पर जोर-** जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विचार व्यक्ति से बड़ा होता है। उन्होंने हर बूथ पर अनुशासित और समर्पित टीम तैयार करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आशीष शर्मा ने किया और आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू द्वारा किया गया। सम्मेलन में जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, प्रवक्ता राधेश्याम सोनवानी, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, संतोष यादव, पारस ठाकुर, लालिमा पारस ठाकुर, शिवांगी चतुर्वेदी, और गणेश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## फिंगेश्वर में कृषि कॉलेज की मांग को लेकर धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



30 दिसंबर को नगर में कृषि महाविद्यालय के निर्माण को लेकर नगर विकास सेवा संघर्ष समिति के तत्वाधान में रानी श्यामकुमारी चौक में धरना प्रदर्शन प्रारंभ हो गया है जिसमें नगर सहित अंचल के नागरिकों ने अपना समर्थन देते हुए मांग को जायज बताया है। मांगे पूरी नहीं होने पर इस धरना प्रदर्शन को अनिश्चित काल के लिए लागू होगा। नगर विकास सेवा संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत हरित ने कहा कि जिला कलेक्टर के द्वारा कृषि कालेज के लिए एक ग्राम पंचायत में जमीन खोजकर कृषि कालेज खोलने को देने का आदेश किया है जो हम सभी के समझ से बाहर है। हम इस आदेश को मानने से इंकार करते हुए पुर्नविचार कर नए आदेश की प्रतिक्षा में है। नए आदेश के तहत फिंगेश्वर में ही कृषि कालेज खोलने की

#### कलेक्टर के आदेश का विरोध

मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं क्योकि यह हमारा हक एवं अधिकार है। कृषि कालेज विगत 8 सालों से फिंगेश्वर में ही संचालित है। नगर की धरती में पोषित एवं पल्लवित इस कालेज पर सबसे पहला अधिकार फिंगेश्वर का है।नागरिकों की मांग पर विधायक रोहित साहू ने सदन में फिंगेश्वर में ही खोलने की मांग की थी और कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने पूर्ण आश्वसत किया हैं उसके बाद भी शासन प्रशासन की मनमानी हो रही है। कार्यक्रम को पूर्व पार्षद कमलेश यदु ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार को जनता के अनुरूप कार्य एवं व्यवहार करना चाहिए। फिंगेश्वर में कालेज संचालित है तो यहां पर कालेज का भवन बनना ही चाहिए जिसके लिए पर्याप्त जमीन भी उपलब्ध है। यह मांग पूरी नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन जारी ही रहेगा। कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र धनराज सूर्यवंशी, ओम प्रकाश बंछोर, हरिशंकर श्रीवास्तव, युवराज यदु, अनिल चंद्राकर, कमल भारती बिड़ोरा, गैंदलाल यादव, बोरिद जाकिर खान, कोसम खूंटा आदि लोगों ने भी संबोधित किया।संचालन किरणेश सोनी ने किया। कार्यक्रम में सतीश यादव, अशोक साहू, भुनेश्वर साहू, हरनारायण सूर्यवंशी, जयेश शुक्ला, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, पार्षद एवं गांव-गांव से आए नागरिकगण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में नागरिकों ने कालेज की मांग को लेकर जमकर नारे लगाए।

### विधायकों ने दी डड़सेना को श्रद्धांजलि

**पिथौरा (ग्रामीण)।** तमनार (रायगढ़) प्रवास के दौरान पिथौरा में रात्रि विश्राम के पश्चात बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव एवं मानपुर–मोहला विधायक इंद्रशाह मंडावी ने पिथौरा के पूर्व मंडी अध्यक्ष स्वर्गीय ओमप्रकाश विक्रम डड़सेना के निज निवास पहुंचकर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर पर विधायकों ने स्वर्गीय डड़सेना के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा उनके निवास में स्वल्पाहार भी ग्रहण किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत ओमप्रकाश डड़सेना के सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

**बिजनेस न्यूज**

### सुमीत बाजार की वूलन महासेल शुरू ग्राहकों को मिल रहे बंपर डिस्काउंट

**रायपुर।** विंटर सीजन को खास और किफायती बनाने प्रदेश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुमीत बाजार की ओर से वूलन महासेल की शानदार शुरुआत की गई है। इस महासेल में ग्राहकों को वूलन कपड़ों की आकर्षक और ट्रेंडी रेंज के साथ जबरदस्त ऑफर्स और बेहतरीन डील्स का लाभ मिल रहा है। सर्दी के मौसम में फैशन और जरूरत-दोनों को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार ने सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन पेश किया है।




ऑफर्स की बात करें तो चार वूलन आइटम्स की खरीदी पर 50 प्रतिशत, तीन आइटम्स पर 40 प्रतिशत और दो आइटम्स पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स पर नियम व शर्तें लागू हैं। इसके साथ ही सुमीत बाजार स्टोर्स में ईयर एंड सेल के तहत अन्य कई प्रोडक्ट्स पर भी अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं।

सुमीत बाजार में विंटर सीजन को लेकर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट्स, विंडशीटर, कार्डिगन, वूलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैंड ग्लव्स, टोपी और थर्मल वियर सहित विंटर वियर की विस्तृत और आकर्षक रेंज उपलब्ध है।

इसके अलावा साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स की भी बड़ी रेंज ग्राहकों को मिल रही है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन के साथ सुमीत बाजार इस सर्दी को स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली बनाने में जुटा हुआ है।

**देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर निकाली गई विशाल शोभायात्रा**

## जोबा में मड़ई-मेला की धूम, शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





तहसील मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर ग्राम जोबा में मंगलवार को पारंपरिक मड़ई मेले का भव्य आयोजन किया गया। खेती-किसानी के कार्यों से निवृत्त होकर ग्रामीणों ने आपसी प्रेम और सद्भावना के साथ इस उत्सव को मनाया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना के बाद मड़ई बिहाई गई, जिसमें आशीर्वाद लेने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। बस्तर और गरियाबंद के आदिवासी अंचलों में मड़ई केवल मेला नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व है। जोबा में आयोजित इस मड़ई के लिए एक पखवाड़ा पहले ही आसपास के देवी-देवताओं को 'नेवता' (निमंत्रण) भेजा गया था। सोमवार शाम से ही देवी-देवताओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पूरी रात बाजे-गाजे के साथ जागरण और विशेष पूजा की गई। मंगलवार दोपहर को सभी देवी-देवताओं की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं के बीच देवी-देवताओं ने मड़ई स्थल के फेरे लगाए, जिसके बाद मड़ई की रस्म संपन्न हुई। मड़ई मेले का महत्व बताते हुए ग्रामीणों ने कहा कि धान कटाई के बाद यह पर्व क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर लोग अपने दूर-दराज के रिश्तेदारों और मित्रों को आमंत्रित करते हैं, जिससे आपसी एकता बढ़ती है। फसल कटाई के बाद किसानों के पास नकदी होने के कारण मेले में जमकर खरीदारी हुई। दूर-दूर से आए व्यापारियों ने अपनी दुकानें सजाईं और कपड़ों, बर्तनों व श्रृंगार सामग्री की अच्छी बिक्री हुई। मड़ई के अवसर पर रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ी नाचा और लोक विधाओं की प्रस्तुति देखने के लिए कड़ाके की ठंड के बावजूद भारी भीड़ जुटी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में मड़ई का यह दौर अब शुरू हो चुका है, जो फरवरी माह तक लगातार विभिन्न गांवों में चलेगा। ग्रामीणों का मानना है कि मड़ई में क्षेत्र के सभी देवी-देवताओं के एक साथ जुटने से गांव की नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं और आने वाला साल खुशहाली लेकर आता है।

**सरकारी कामकाज ठप:** आऊ नई सहिबो, डीए एरियर्स ले के रहीबो/" के नारों से गूंजा गांधी मैदान

# मोदी की गारंटी लागू करने की मांग पर अड़े कर्मचारी, दूसरे दिन भी दफ्तरों में लटके ताले





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी आह्वान पर सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल आज दूसरे दिन भी गरियाबंद के गांधी मैदान में पूरी ताकत के साथ जारी रही। अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले आयोजित इस धरना प्रदर्शन में जिले भर के विभिन्न विभागों के हजारों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जिससे कलेक्ट्रेट से लेकर स्कूलों तक सन्नाटा पसरा रहा। हड़ताल के दूसरे दिन कर्मचारियों का उत्साह चरम पर था। पंडाल में मौजूद कर्मचारियों ने मोदी की गारंटी लागू करो और आऊ नई सहिबो, डीए एरियर्स ले के रहीबो जैसे नारों के साथ सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। कर्मचारियों का स्पष्ट कहना है कि भाजपा ने चुनाव से पहले जो संकल्प पत्र जारी किया था, उसे अब तक धरातल पर नहीं उतारा गया है।

### प्रांतीय नेताओं का मिला समर्थन

हड़ताल के दूसरे दिन फेडरेशन को समर्थन देने के लिए पूर्व जिला संयोजक प्रदीप वर्मा, वाहन चालक संघ के प्रांताध्यक्ष मनीष ठाकुर और मिथलेश यादव विशेष रूप से उपस्थित हुए। जिला संयोजक एमआर खान और महासचिव बसंत त्रिवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि इन तीन दिनों में सरकार ने सुध नहीं ली, तो आने वाले समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

**कामकाज पूरी तरह ठप, ग्रामीण हुए परेशान-** हड़ताल का व्यापक असर जिले के सरकारी दफ्तरों में देखने को मिला। कलेक्ट्रेट, तहसील कार्यालय, स्कूल और अन्य विभागीय कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह बंद रहा। दूर-दराज से आए ग्रामीणों को अपने काम के लिए खाली हाथ लौटना पड़ा, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ।

**प्रमुख 11 सूत्रीय मांगें:-** कर्मचारी फेडरेशन ने सरकार के सामने निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखी हैं। केंद्र के समान महंगाई भत्ता और गृह भाड़ा भत्ता।चुनाव घोषणापत्र (मोदी की गारंटी) के वादों को तत्काल लागू करना। लंबे समय से लंबित वेतन विसंगतियों को दूर करना। कैशलेस चिकित्सा सुविधा और संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण।

### आज निकलेगी विशाल रैली

तीन दिवसीय इस आंदोलन का बुधवार को अंतिम दिन है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कल एक विशाल रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा और सरकार को अंतिम चेतावनी दी जाएगी। इस प्रदर्शन में सुनील यादव, मनोज खरे, बसंत मिश्रा, सुदामा ठाकुर, अनूप महाड़िक, संजय महाड़िक, बसंत वर्मा, गुलशन यादव (पटवारी संघ), डीके पडौती (आरएचओ संघ), चंद्रहास श्रीवास, डॉ. सत्यम कुम्भकार सहित लिपिक वर्ग, शिक्षक संघ, वन कर्मचारी संघ और लघुवेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

छुरा में कृषि कॉलेज की मांग

# जनप्रतिनिधियों ने खरखरा को उपयुक्त स्थान बताया, सीएम से करेंगे मुलाकात











हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

वनांचल और आदिवासी बाहुल्य विकासखंड छुरा में कृषि शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग तेज हो गई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विजन 2047: आत्मनिर्भर भारत' के सपने को साकार करने के लिए कृषि आधारित शिक्षा इस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जनप्रतिनिधियों ने विशेष रूप से छुरा से लगे ग्राम पंचायत खरखरा में महाविद्यालय स्थापना का प्रस्ताव रखा है। जनप्रतिनिधियों का तर्क है कि गरियाबंद जिला कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मुर्गी पालन, मछली पालन और सब्जी उत्पादन में अग्रणी बनने की क्षमता रखता है। कृषि महाविद्यालय खुलने से यहाँ के युवाओं को आधुनिक तकनीक की जानकारी मिलेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**प्रमुख जनप्रतिनिधियों के विचार-** जनक ध्रुव विधायक, बिंद्रानवागढ़ ने कहा की यह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। यहां कृषि महाविद्यालय खुलने से स्थानीय लोगों को खेती की नई तकनीकों की जानकारी मिलेगी और वे आधुनिक कृषि से जुड़ सकेंगे। लेखराज ध्रुवा सभापति, जिला पंचायत कृषि समिति ने कहा की क्षेत्र में पहले से ही कई बांध, मुर्गी फॉर्म और सब्जी फॉर्म मौजूद हैं। महाविद्यालय इन्हें एक नई दिशा देगा और युवाओं को दुग्ध उत्पादन व तकनीकी खेती के अवसर प्रदान करेगा। नीलकंठ ठाकुर जिला अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज ने कहा की गरियाबंद की पहचान एक आदिवासी जिले के रूप में है। यहां के तीन आदिवासी ब्लॉकों को मिलाकर कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किया जा सकता है। हम इस मांग को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से मुलाकात करेंगे। मीरा ठाकुर अध्यक्ष, जनपद पंचायत ने कहा की महाविद्यालय खुलने से न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ेगा, बल्कि मुर्गी पालन और सब्जी उत्पादन करने वालों को बेहतर बाजार और मार्गदर्शन मिल सकेगा। पन्नालाल ध्रुव अध्यक्ष, सरपंच संघ ने कहा की छुरा ब्लॉक की 74 ग्राम पंचायतें और यहां के आरक्षित पद इस बात के गवाह हैं कि यहां आदिवासियों के विकास के लिए उन्नत कृषि की सख्त जरूरत है।

**क्षेत्र के विकास की नई उम्मीद-** जनप्रतिनिधियों का मानना है कि महाविद्यालय खुलने से न केवल शिक्षा बल्कि अन्य संस्थान भी क्षेत्र में आएंगे, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। विशेषकर आदिवासी भाई-बहनों के लिए यह संस्थान स्वावलंबन का केंद्र बनेगा।

## खबर संक्षेप



### निषाद समाज के कुंवर सिंह बने प्रांताध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज के कुंवर सिंह निषाद अर्जुन्दा, बालोद पुनः प्रांताध्यक्ष चुने गए है। यह जानकारी देते हुए माखन निषाद ने बताया कि कार्यकारिणी में प्रमुख पदाधिकारियों में मनोहर निषाद जगदलपुर महासचिव, अशोक निषाद भिलाई-दुर्ग कोषाध्यक्ष, गायत्री केवट कसडोल, बलौदाबाजार उपाध्यक्ष महिला, बोधी निषाद बेमेतरा उपाध्यक्ष, गिरधर निषाद राजनांदगांव, मीना निषाद सचिव महिला, नंदकुमार निषाद महासमुंद संगठन सचिव, ईश्वर निषाद उप-संगठन सचिव, अगेश्वर निषाद धमतरी उप-संगठन सचिव, राजकुमार निषाद बिलासपुर प्रचार सचिव, मलेश निषाद अंकेक्षक ,महादेव निषाद को कार्यालय सचिव बनाया गया है। समाज के झुमुक निषाद, प्रांतीय सचिव, छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी हैं। गुंडरदेही विधायक समाज के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे। नवापारा शहर के सामाजिक लोगो ने बधाई दी है जिसमें पन्नालाल निषाद, नरोत्तम निषाद, कृष्ण निषाद, बल्दू निषाद, माखनलाल निषाद, रामरतन निषाद, डॉ. उदय निषाद, राजा निषाद, कैलाश निषाद, रवि निषाद, धनेंद्र निषाद, लीलाराम निषाद, सुजीत निषाद ,जीना निषाद, लक्ष्मी निषाद, सुशीला निषाद, छोटी निषाद ,कमलेश निषाद शामिल है।

### बल्दीडीह में हुआ हिंदू सम्मेलन

**महासमुंद।** जिले के मेमरा मंडल अंतर्गत ग्राम बल्दीडीह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेतृत्व में हिंदू–हिंदू भाई–भाई के संदेश के साथ हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृशक्ति एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। सम्मेलन का संचालन मंच संचालक कमलेश डडसेना द्वारा किया गया।

## निधन

### अंजना भांडुलकर

**नवापारा-राजिम।** दम्मानी कालोनी निवासी अंजना भांडुलकर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शहर के मुक्तिधाम में किया गया।



अंतिम संस्कार में मुहल्लेवासी एवं शहर के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर मृतका को श्रद्धांजलि अर्पित किया। वे अनिल भांडुलकर, आशुतोष भांडुलकर की माता थी।

# अधर्म पर धर्म की विजय का पर्व है राम कथा : प्रशांत महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



श्रीराम कथा के अंतिम दिन भक्ति से सराबोर हुआ माहौल

शहर के प्रसिद्ध श्रीराधा कृष्ण मंदिर परिसर में श्री सालासर सुंदरकांड जन कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम एवं नवम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का अदभुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर अयोध्याधाम से पधारे सुप्रसिद्ध श्रीराम कथावाचक पं. प्रशांत जी महाराज ने सुंदरकांड अंतर्गत भगवान श्री हनुमान जी के लंका प्रवेश का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। महाराज ने बताया कि माता सीता की खोज में हनुमान जी किस प्रकार समुद्र लांघकर लंका पहुंचे और वहां रावण की मायावी नगरी को देखकर भी राम भक्ति में अडिग रहे। बताया कि हनुमान जी का लंका प्रवेश शौर्य, भक्ति और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। इस प्रसंग के दौरान श्रोता भावविभोर हो उठे और पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम एवं जय हनुमान जी महाराज के जयकारे से गूंज उठा। कथा को आगे बढ़ाते हुए महाराज श्री ने राम-रावण युद्ध का सजीव वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह युद्ध केवल दो व्यक्तियों के बीच नहीं, बल्कि धर्म और अधर्म के बीच था, जिसमें अंततः धर्म की विजय हुई। भगवान श्रीराम ने मर्यादा, करुणा और न्याय के आदर्श स्थापित किए। महाराज जी ने भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन एवं भव्य राज्याभिषेक की कथा सुनाई। राम राज्याभिषेक का प्रसंग सुनते ही वातावरण भक्तिरस से भर गया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर दीप प्रज्वलित किए और उत्सवपूर्वक आनंद व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, मंदिर ट्रस्ट के सदस्य, नगर के गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर आरती, प्रसाद वितरण किया गया तथा समिति की ओर से महाराज श्री का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। श्रीराम कथा के सफल आयोजन पर समिति के सदस्यों ने नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, सदभाव और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करने के लिए आयोजित किया गया।

# नवाडीह में ठाकुर सोरी परिवार ने की बूढ़ादेव की देव माटी जात्रा कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

विकासखंड छुरा के ग्राम नवाडीह (कोसमी) में पारंपरिक 'प्रकृति शक्ति फडापेन जात्रा' और 'देवमाटी' कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भुवनलाल ठाकुर और श्रीमती राजेश्वरी ठाकुर (सोरी परिवार) द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में आदिवासी संस्कृति की गहरी झलक देखने को मिली। ठाकुर सोरी परिवार की पीढ़ियों से चली आ रही इस परंपरा के तहत अपने ईष्ट देव बुढ़ादेव और पेनठाना में मातृका पूजन (धरना) किया गया। आयोजक भुवनलाल ठाकुर ने बताया कि यह जात्रा उनके पिता और दादा के समय से चली आ रही है, जिसे हर 3 या 5 वर्षों के अंतराल में कुल की सुख-समृद्धि और सुरक्षा के लिए आयोजित किया जाता है। प्रथम दिवस शंभू गवरा वंदन और बावनगढ़ देव के सुमिरन के साथ पेनठाना में पूजा-अर्चना।

द्वितीय दिवस श्रद्धापूर्वक बुढ़ादेव ध्वजारोहण की रस्म निभाई गई। तृतीय दिवस 'छत्रभोज' का आयोजन हुआ, जिसमें सखा-संबंधी, ईष्ट मित्र और ग्रामीणों को ससम्मान भोज कराया गया।

**संस्कृति ही आदिवासी समाज की असली पहचान-** कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिला संरक्षक छत्तर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह पर्व सामाजिक समरसता और हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। वहीं, जिला सचिव शीतल ध्रुव ने जोर देकर कहा कि आदिवासी समाज की पहचान प्रकृति से जुड़ाव और उसकी अनूठी धरोहरों में निहित है। इस सांस्कृतिक उत्सव में राजा साहब यशपेंद्र शाह, टंकेश्वर मरकाम, पुराणिक नागेश, लेखराज धुर्वा, दयाराम नागेश, बिगेन्द्र ठाकुर, सुधेराम ठाकुर, बुधराम मरकाम, भाव सिंह मरकाम सहित सोरी परिवार के सदस्य प्रताप सोरी, तिलक सोरी, संत कुमार, अशोक कुमार, धनेश, उत्तम, राजकुमार, हेम कुमार और गणेश सोरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# विधायक की अनुशंसा पर 16 करोड़ के कार्यों को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास और बुनियादी ढांचों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। विधायक रोहित साहू* की सक्रिय अनुशंसा पर राज्य शासन ने विधानसभा क्षेत्र के तीनों विकासखंडों छुरा, गरियाबंद और फिंगेश्वर के लिए लगभग 16 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। इस बड़ी राशि से क्षेत्र में सड़क, सामुदायिक भवन, पुल-पुलिया, शेड निर्माण और पेयजल की समस्याओं का समाधान होगा। विधायक रोहित साहू ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य शासन का आभार व्यक्त किया है।

**विकासखंडवार प्रमुख स्वीकृत कार्य-** 1. **छुरा विकासखंड:** बुनियादी सुविधाओं पर जोर छुरा ब्लॉक के लिए दर्जनों कार्यों को मंजूरी मिली है, जिनमें प्रमुख हैं:- बोड़राबांधा, भैंसामुड़ा, जुनवानी, और पंक्तिया में सामुदायिक भवनों का निर्माण। चुरकीदादार, सांकरा और हरदी में शेड निर्माण (प्रत्येक 10 लाख)। सोरिद में सुखरी नाला पर तटबंध निर्माण (18 लाख)। पाण्डुका थाना के पास चिर घर भवन निर्माण और नगर पंचायत छुरा के विभिन्न वार्डों में सामुदायिक भवन व टिनशेड निर्माण। सडकड़ा, कुरूद, अमेठी और कलवारा के लिए पानी टैंकरों की व्यवस्था।



**2. गरियाबंद विकासखंड: सड़क और सामुदायिक भवनों की सौगात-** कस में सरार नाला पर पुलिया निर्माण (18 लाख) और हरदी के श्यामनगर पारा में पुलिया निर्माण (15 लाख)। कोकड़ी, हरदी और मालगांव में सीसी रोड व नाली निर्माण। नगर पालिका गरियाबंद के वार्ड 7, 8 और 15 में सामुदायिक भवनों का निर्माण। गुरुजीभाठा में सामुदायिक भवन सह बाउंड्रीवाल निर्माण। 3. फिंगेश्वर विकासखंड: गौरव पथ और भव्य निर्माण कार्य।

**फिंगेश्वर ब्लॉक में सबसे अधिक कार्यों की स्वीकृति मिली है:-** कौंदकेरा में चांगबांधा पहुंच मार्ग पर गौरव पथ निर्माण (51.56 लाख)। किरवई में पुजेरिन दाई पहुंच मार्ग पर गौरव पथ निर्माण (37.23 लाख)। रावड और सेमहरतरा में महतारी सदन का निर्माण (प्रत्येक 30 लाख)। पाली, भैसातरा और देवरी में स्टाप डैम का निर्माण (प्रत्येक 18 लाख)। डोगेश्वर धाम बोरिद, लचकेरा और मड़वाडीही में भव्य टिनशेड निर्माण (प्रत्येक 15 लाख)। विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए लगभग 20 से अधिक पानी टैंकरों की स्वीकृति।

**राजिम क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी पहली प्राथमिकता-** इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा, राजिम क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि सामाजिक आयोजनों के लिए ग्रामीणों को बेहतर स्थान प्राप्त होगा। इतनी बड़ी राशि की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से प्रतीक्षित इन कार्यों के शुरू होने से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी।

## पर्यटन स्थलों पर सजेगी पिकनिक की महफिल

**रसेला।** नववर्ष 2026 का आगाज होने में सिर्फ 12 घंटे बाकी है, नए साल 2026 के पहले दिन लोग एक दूसरे को शुभकामनाएं संदेश भेजकर बधाइयां देंगे, वहीं नए साल के अवसर पर गुरुवार को क्षेत्र के लोग सुबह मंदिरों में पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद लिया लेंगे। भगवान का आशीर्वाद लेकर अपने दिन की शुरुआत किया जाएगा। वहीं पिकनिक स्पॉट और पर्यटन स्थलों पर भीड़ उमड़ेगी, लोगों ने गर्मजोशी के साथ नववर्ष 2025 को अलविदा कहेंगे। नए साल के मौके पर पर काफी संख्या में पिकनिक स्पॉट पर लोगों ने अपने परिवार संग मौज मस्ती के साथ प्रकृति का भी आनंद उठाएंगे और नए साल का स्वागत किया जाएगा। वहीं इससे पहले आज 31 दिसंबर की रात रसेला सहित क्षेत्र में अलग-अलग गांवों में लोगों ने जमकर नए साल का जश्न मनाएंगे, और देर रात तक पार्टीयां के साथ लोग डीजे की धुन और फिल्मी गीतों पर जमकर थिरकेंगे और आतिशबाजी की आवाज भी गूंजेंगे। रात 12 बजे के बाद एक दूसरे को साल 2026 की बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो जाएगा जो दिन भर चलता रहेगा। लोगों ने इस सेलिब्रेशन का जमकर लुत्फ उठाएंगे और खूब इंजॉय किया जाएगा। वहीं नए साल के आगमन पर कुछ लोग पिकनिक स्पॉट और कुछ लोग मंदिरों में जाकर नया साल मनाएंगे। इस अवसर पर बुजुर्ग, महिलाएं, युवा एवं खासकर बच्चों ने खूब मस्ती करते हैं। इस विशेष अवसर पर लोगों ने एक से बढ़कर एक तरह के व्यंजन का भी आनंद लेंगे। इस दिन कई जगहों पर अखंड रामायण पाठ व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाता है।




बारात में पारंपरिक बाजा और शास्त्रीय नाचा की टोली रहेगा आकर्षण का केंद्र

# 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह आज, बैलगाड़ियों पर निकलेगी बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री सालासर सुंदरकांड एवं जनकल्याण समिति के तत्वावधान में आज 31 दिसंबर बुधवार को एक बार फिर समाजसेवा और मानवता का अनुकरणीय उदाहरण देखने को मिलेगा। समिति द्वारा 11 गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह भव्य एवं धार्मिक वातावरण में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा बन रहा है, बल्कि समाज में समानता, सहयोग और संस्कारों को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। समिति द्वारा सभी कन्याओं के विवाह की समुचित व्यवस्था की गई है, जिसमें विवाह मंडप, पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार, कन्यादान, वर-वधू के वस्त्र, आभूषण, घरेलू उपयोग की सामग्री एवं भोजन व्यवस्था शामिल है। समिति के संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य गरीब परिवारों पर पड़ने वाले विवाह के आर्थिक बोझ को कम करना और बेटियों को सम्मानपूर्वक वैवाहिक जीवन में प्रवेश दिलाना है। समारोह में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं नागरिक शामिल होकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी समिति के सदस्यों द्वारा स्वयं संभाली जा रही है। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है। श्री सालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति का यह प्रयास निश्चित ही समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए मिसाल कायम करेगा।




### लोग बारात का करेंगे स्वागत

दुल्हे- दुल्हन की बारात अलग-अलग 11 गाड़ियों में एक साथ जब शहर में निकलेगी तो अनेकों समाज के लोग बारात का स्वागत करेंगे। इसमें पारंपरिक बाजा, राउत नाचा भी रहेगी। बेटियों को शादी में भांवर की साड़ी, चुनरी, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, चांदी की बिछिया, नेकलेश हार, सिलाई मशीन, कूलर, आलमारी, बेड, सोफा, टी टेबल, मिक्सी, कुकर, वर वधु को हाथ घड़ी, दीवाल घड़ी, श्रृंगार समान, आयरन, बर्तन सेट, टिफिन, जग, स्टील पानी बोतल और प्रत्येक दुल्हन को 7 साड़ी, फोटो फ्रेम, सीताराम विवाह की तस्वीर, गद्दा सेट, बेडसीट कम्प्लीट का उपहार दिए जाएंगे।




**ये है 11 जोड़े जो बंधने जा रहे एकसूत्र में-** संस्था के पदाधिकारी राजू काबरा, अध्यक्ष धरम साहू, विवाह संयोजक रूपेंद्र चंद्राकर, ब्रम्हानंद साहू ने बताया कि इन 11 गरीब बेटियों में 5 नवापारा शहर, राजिम, पटेवा, पारागांव, नवागांव की 1-1 बेटियां और करेली बड़ी की 2 बेटियां शामिल है। जिनके विवाह होना है। जिसमें मीनाक्षी साहू, राधिका ध्रुव, उमा कंसारी, रोशनी कंसारी, नंदनी यादव नवापारा। सुरेखा यादव पारागांव, भावना धीवर राजिम, खिलेश्वरी साहू नवागांव-लखना, योगेश्वरी तारक पटेवा, भामेश्वरी साहू एवं तुलसी साहू करेली बड़ी शामिल है। मीनाक्षी का विवाह सोनेसिल्ली के ईश्वर साहू, राधिका का विवाह भैंसमुंडी के ओंकार नेताम, उमा कंसारी का तरजुंगा के भूपेंद्र कसेर, रोशनी कंसारी का चांपा के अभिषेक कसेर, नंदनी यादव का बानगढ़ के अश्वनी यादव, सुरेखा यादव का सेंध के यशवंत यादव, भावना धीवर का कोपरा के मोरध्वज, खिलेश्वरी साहू का कोकड़ी के ताम्रध्वज साहू, योगेश्वरी तारक का किरवई के मोहन तारक, भामेश्वरी का पटेवा के डिगंधर साहू, तुलसी साहू का जौंदी के दिनेश साहू के साथ विवाह संपन्न होगा।